आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार स्वास्थ्य शिक्षा को स्कूली पाठयक्रम में शामिल करने पर विचार कर रही है। उन्होंने आज शिमला में नि–क्षय अभियान के तहत आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और एक मोबाईल वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश में नि–क्षय अभियान सौ दिन तक चलेगा और ये राज्य को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में कारगर साबित होगा। इस अभियान का उददेश्य टीबी के मामलों की समय पर पहचान, प्रभावी उपचार और समुदायों में जागरूकता सुनिश्चित करना है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि ये अभियान प्रदेश के सभी जिलों में चलाया जाएगा और कमजोर वर्गों पर विशेष ध्यान केंद्रित होगा। उन्होंने प्रदेश के सभी लोगों से नि–क्षय अभियान में भाग लेने का आहवान किया है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलाई और क्षय रोगियों को नि–क्षय पोषण किटें प्रदान की। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने सभी से टीबी के प्रति सतर्क रहने और समय पर जांच करवाने का आग्रह किया।

अश्विनी वैष्णव

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हिमाचल के अंब–अंदौरा, बैजनाथ, पपरोला, पालमपुर और शिमला रेलवे स्टेशन का चयन किया गया है। राज्यसभा में सांसद इंदु गोस्वामी के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अंब–अंदौरा और बैजनाथ रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास के लिए टैंडर अवॉर्ड कर दिए गए हैं। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पालमपुर व शिमला रेलवे स्टेशनों को मास्टर प्लान के तहत कवर किया गया है और इनमें अति आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। रेल मंत्री ने बताया कि इस वर्ष पहली अप्रैल तक हिमाचल में 13 हज़ार एक सौ 68 करोड़ रूपये की लागत की 2 सौ 55 किलोमीटर लंबी रेल लाईनों के निर्माण कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनमें से 61 किलोमीटर रेलवे लाईनें निर्मित की जा चुकी हैं। इसके अलावा साढ़े 63 किलोमीटर लंबी भानुपल्ली–बिलासपुर–बेरी रेलवे लाईन और 30 किलोमीटर लंबी चंडीगढ़–बद्दी रेल लाईन को राज्य सरकार के साथ सांझा खर्चे के आधार पर स्वीकृति प्रदान की गई है। रेल मंत्री ने कहा कि हिमाचल सरकार द्वारा अपनी हिस्सेदारी की अदायगी न करने से प्रदेश में रेल निर्माण कार्य प्रभावित हुआ है।

मुख्यमंत्री अपील

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लोगों से सशस्त्र कल्याण कोष में उदारता से अंशदान करने की अपील की है। सशस्त्र सेना झंडा दिवस के मौके पर आज शिमला में सैनिक कल्याण

विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर मदनशील शर्मा ने मुख्यमंत्री को झंडा लगाया। मुख्यमंत्री ने सशस्त्र कल्याण कोष में अंशदान किया और कहा कि देश की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहने वाले वीर सैनिकों पर हमें गर्व है। उन्होंने कहा कि ये दिन राष्ट्र के सजग प्रहरियों के अविस्मरणीय बलिदानों व सेवाओं को याद करने का दिन है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि देश के सशस्त्र बलों का गौरवशाली इतिहास रहा है। सैनिक कल्याण मंत्री धनीराम शांडिल भी इस मौके मौजूद रहे।

<u>सिकंदर कुमार</u>

केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि वित्त वर्ष 2021–22 और 2022–23 में हिमाचल से निर्यात किए गए समुद्री उत्पादों का मूल्य 25 करोड़ 29 लाख रूपये से अधिक रहा है। उन्होंने सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा राज्यसभा में पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में बताया कि वित्त वर्ष 23–24 में प्रदेश से समुद्री उत्पादों का कोई निर्यात नहीं हुआ है। पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार समुद्री उत्पाद निर्यात प्राधिकरण के माध्यम से हिमाचल सहित देश से समुद्री उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न उपाय कर रही है। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने इस्पात विनिर्माण प्रक्रिया को कार्बनमुक्त बनाने के लिए सरकार की ओर से किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी केंद्रीय इस्पात मंत्री एच.डी.कुमारस्वामी से मांगी।

<u>सद्भावना क्रिकेट</u>

राज्यपाल एकादश, मुख्यमंत्री एकादश, न्यायाधीश एकादश और प्रैस एकादश की टीमों के बीच दो दिवसीय सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट आज से शिमला के बी.सी.एस. ग्राउंड में शुरू हुआ। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने संयुक्त रूप से इसका शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रखने और खेलों में भाग लेने का संदेश देना है। राज्यपाल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं का खेलों के प्रति रूझान बढ़ेगा और सामूहिक प्रयासों से ही नशे का खातमा संभव है। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं को खेलों की ओर आकर्षित करने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है और खिलाड़ियों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। उन्होंने प्रदेश के सभी युवाओं से नशे से दूर रहकर खेलों में बढ़चढ़ कर भाग लेने का आह्वान किया। आज खेले गए पहले मैच में राज्यपाल एकादश की टीम ने प्रैस एकादश को पराजित किया।

..........................................................................................................................................